Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 21-12-2005

Participants : Thummar Shri Virjibhai

an>

Title : Need to ensure availability of gas for Pipavav Power Project in Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, माननीय स्व0 राजीव गांधी जी ने सौराट्र के संतुलित विकास हेतु रोजाना 615 मेगावाट बिजली उत्पादन करने के लिए गैस आधारित पिपावाव पावर प्रोजेक्ट की आधारशिला दो दशक पूर्व रखी थी, जिसके तहत पिपावाव गैस प्लांट को 3.66 MMSCMD गैस आपूर्ति हेतु दस साल से लगातार मांग की जा रही है। वर्तमान समय में बिजली का उत्पादन दक्षिण गुजरात में हो रहा है, परन्तु सौराट्र में अभी तक बिजली का उत्पादन नहीं हो पाया है जिसके कारण प्रादेशिक संतुलन नहीं हो रहा है और किसानों को लम्बे समय से बिजली के न मिलने से उनको सिंचाई सुविधा नहीं मिली है। अधिकांश जमीन बंजर होती जा रही है किसानों ने बिजली के कनैक्शन के लिए सन 1990 से आवेदन कर रखा है, परन्तु बिजली की कमी से उनको कनैक्शन आज तक नहीं मिला है और न ही कोइ नया बड़ा उद्योग स्थापित हो पा रहा है। इस मामले में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय कई बार आश्वासन दे चुका है और बार-बार कोई न कोई शर्त रख दी जाती है जिसके कारण इस महत्वपूर्ण पॉवर प्रोजेक्ट को आरंभ नहीं किया जा सका है। इस संबंध में गुजरात के सांसद माननीय प्रधान मंत्री जी से मिलकर आवेदन दे चुके हैं।

सदन के माध्यम से प्रधान मंत्री जी से अनुरोध है कि स्व0 राजीव गांधी जी के सपने को पूरा करने हेतु पिपावाव पॉवर प्रोजेक्ट को उचित मूलय पर गैस की आपूर्ति करने हेतु पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को निदेशित करने की कृपा करें एवं गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करवायें।